मुख्य कार्यक्रम और उपलब्धियां
(जनवरी- 2022)

*****

जनवरी- 2022 माह की संक्षिप्त रिपोर्ट निम्नवत् है:

1. फ्लैगशिप कार्यक्रमों की प्रगति:

1.1. लगभग 1.5 लाख आयुष्मान भारत- स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों (एबी-एचडब्ल्यूसी) को मंजूरी प्रदान की गई हैं। इनमें से 88,548 स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों को दिनांक 25 जनवरी, 2022 तक परिचालित किया जा चुका है।

2. विधायी और विनियमन संबंधी उपाय:

2.1 जल की गैर- पारदर्शी पैकेजिंग सामग्री से संबंधित खाद्य सुरक्षा और मानक (पैकेजिंग) संशोधन विनियमों पर राजपत्र अधिसूचना दिनांक 25.01.2022 को अधिसूचित की गई थी।

3 विविध

3.1 स्वास्थ्य राज्य मंत्री (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय) की अध्यक्षता में दिनांक 20.01.2022 को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर)/ विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी)/ विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी)/ जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) के साथ एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें टीबी का पता लगाने, निदान और उपचार से संबंधित टीबी अनुसंधान एवं कृत्रिम आसूचना मॉडलों पर अद्यतन जानकारी पर चर्चा की गई।

3.2 याचिका समिति (16वीं लोक सभा) की अड़सठवीं (68वीं) रिपोर्ट पर की गई कार्रवाई की तुलना में देशज चबाने वाले तम्बाकू उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने के प्रभाव की जांच करने के लिए अपर सचिव (स्वास्थ्य), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। हितधारकों/ नीति आयोग, कृषि, विधि मंत्रालयों/ विभागों, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग और स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय सीजीएचएस से इस संबंध में विशेषज्ञों का नामांकन मांगा गया है।

3.3 स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने अब डिजिलॉकर में सीजीएचएस कार्ड स्टोर करने का विकल्प प्रदान करने का निर्णय लिया है। डाउनलोड किया गया सीजीएचएस कार्ड सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2016 जिसे दिनांक 08 फरवरी, 2017 को जीएसआर 711 (ई) के माध्यम से अधिसूचित किया गया था, के नियम 9 ए के प्रावधानों के अनुसार मूल सीजीएचएस कार्ड के समतुल्य होगा, ।

3.4 स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने जनवरी, 2022 माह के दौरान मंत्रालय के अधिकारियों/ चिकित्सकों/ तकनीकी विशेषज्ञों के माध्यम से निम्नलिखित महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठकों/ कार्यक्रमों/ संगोष्ठियों/ सम्मेलनों/ वार्ताओं में भाग लिया या इसमें भाग लेने की अनुमति प्रदान की: -

(क) सिंगापुर के राजदूत के साथ सचिव (स्वास्थ्य) की बैठक दिनांक 14-01-2022 को आयोजित की गई थी।

(ख) पोलैंड के राजदूत के साथ सचिव (स्वास्थ्य) की बैठक दिनांक 21-01-2022 को आयोजित की गई थी।

(ग) क्यूबा के राजदूत के साथ सचिव (स्वास्थ्य) की बैठक दिनांक 24-01-2022 को आयोजित की गई थी

(घ) सचिव (स्वास्थ्य) और संयुक्त सचिव (एलए) ने दुबई एक्सपो में भारत- स्वीडन स्वास्थ्य सत्र में भाग लिया और दिनांक 31-01-2022 को एम्स जोधपुर में इनोवेशन इनक्यूबेशन सेंटर का वर्चुअली उद्घाटन किया।